हमारा दून

पेज थ्री देहरादून

डीएवी में हो रहा है चुनाव प्रचार

प्रभावी ढंग से हो योजनाओं का क्रियान्वयन : पंवार

mRrjk[k.M Ik'k dY;k.k ckMZ dh lkekU; dk;Zdkfj.kh dh cSBd

lkekU; dk;Zdkfj.kh dh cSBd ysrs i'kikyu e=hA

ngjknuA पशुपालन मंत्री प्रीतम सिंह पंवार ने पशु कल्याण के लिये संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन को प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

बुद्धवार को विधान सभा सभागार में उत्तराखण्ड पशु कल्याण बोर्ड की सामान्य कार्यकारिणी की बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पशुओं के कल्याण के लिये हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। इस संबंध में जो नियम व नीतियां निर्धारित हैं वे केवल फाइलों तक ही सीमित न रहे, उनका क्रियान्वयन धरातल पर दिखायी देना चाहिए। बैठक में कतिपय विभागीय अधिकारियों जो बोर्ड के सदस्य नामित हैं, की अनुपस्थिति पर उन्होंने असन्तोष व्यक्त किया तथा निर्देश दिये कि बोर्ड की आगामी बैठक में सभी संबंधित अधिकारी निश्चित रूप से उपस्थित हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि बोर्ड से सम्बन्धित जिन कार्यक्रमों की फाइलें शासन में लम्बित हैं उनका विवरण उन्हें उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने पशु तस्करी रोकने पर विशेष ध्यान देने को कहा तथा पुलिस अधीक्षक कानून व्यवस्था को निर्देश दिये कि वे शीघ्र ही गो सदन संचालकों व पशु प्रेमियों की बैठक आयोजित कर उनके सुझावों के अनुसार इस पर प्रभावी नियत्रंण की व्यवस्था करें।

उन्होंने पशुपालन विभाग को निर्देश दिये कि नगर निगम द्वारा केदारपुरम में निर्मित किये जा रहे 100 पशुओं की क्षमता वाले गो सदन में विभागीय स्तर पर जो व्यवस्थाऐं होनी है, उन्हें तुरन्त आरम्भ किया जाय ताकि वहां पर पशुओं को रखा जा सकें। उन्होंने प्रत्येक जनपद में पशु क्रूरता निवारण समितियों को भी और अधिक क्रियाशील किये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने अवैध ढंग से की जा रही पशुओं की आवाजाही की भी निरन्तर जांच के निर्देश दिये तथा ऐसे वाहन स्वामियों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने परिवहन, पुलिस व पशुपालन विभाग के अधिकारियों का संयुक्त रूप से एक टास्कफोर्स भी गठित करने को कहा ताकि पशुओं के अवैध व्यापार को रोका जा सके। पशुपालन मंत्री ने गो सदनों के साथ ही पशु वधशालाओं का नियमित रूप से निरीक्षण किये जाने के भी निर्देश दिये तथा गोवंश की तस्करी रोकने के लिये प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने गोवंश के संवर्धन सरंक्षण एवं अनुत्पादक वृद्ध अलाभकारी रोगी गोवंश के कल्याण हेतु प्रदेश की 100 वन पंचायतों में शीघ्र गो सदनों की स्थापना के निर्देश दिये।

दून में बनेगा अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम: अग्रवाल

उनमुक्त सिंह को सरकार देगी 11 लाख

ind fotsrkvksa dks iqjLdr djrs [ksy ,oa ;qok dY;k.k ea=h fnus'k vxzokyA

ngjknuA राष्ट्रीय खेल दिवस पर राष्ट्र स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के 41 पदक विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। खिलाड़ियों को सूबे के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री दिनेश अग्रवाल द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

स्वर्ण पदक विजेताओं का बीस हजार रुपये, रजत पदक विजेताओं का दस हजार रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को पांच हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए। इस मौके पर खेल मंत्री ने कहा कि देहरादून में अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अंडर–19 क्रिकेट वर्ल्ड कप विजेता राज्य निवासी उनमुक्त सिंह को 11 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

परेड मैदान स्थित बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल में युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित समारोह में जिन 41 पदक विजेताओं को पुरस्कृत किया गया उनमें बबीता बिष्ट, लीला थापा, कविंद्र बिष्ट, अरुण चौहान, जितेंद्र सिंह जोरा, अक्षय रावत, सविता, विकास तोमर, पूजा, प्रांजल को 20–20 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए। दिव्या, नेहा सिंह, अजीत नेगी, सतीश कुमार, सुमित, अजयपाल, हर्षदीप, जीवन सिंह, दीपक, वैशाली, मेघना, उर्वशी, विजया कौशल व निकिता को 10–10 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए।

शिल्पा थापा, अनीता रावत, पूजा पटेल, कनिष्का थापा, दीपा बिष्ट, मोहन थापा, कुंदन सिंह धामी, प्रवीन गुरुंग, आतिफ खान, पिंकी, संतपाल, तसलीम, स्मृतिम नागरकोटी, मोनिका शर्मा, विनीता भट्ट, भावना पंत व स्वाति शर्मा को 5–5 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए। राज्य के इन खिलाड़ियों ने वर्ष 2011–12 में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित बॉक्सिंग, जूडो, ताईक्वांडो, बैडमिंटन व टेबिल टेनिस प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किए थे।

खेल प्रतिभाओं के लिए संसाधनों की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। राज्य सरकार खेलों की ओर विशेष ध्यान देगी। ग्रामीण खेल प्रतिभाओं के लिए पंचायत युवा क्रीड़ा एवं खेल अभियान के तहत खेल के मैदानों का निर्माण किया जाएगा। खेल मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार की खेल संबंधी स्पेक्स योजना के प्रारूप को उत्तराखंड में भी लागू करने का प्रयास किया जाएगा। समारोह में युवा कल्याण विभाग के सचिव अजय कुमार प्रद्योत ने कहा कि पायका योजना के तहत खेल मैदानों के रखरखाव के लिए अगले पांच वर्षों तक प्रत्येक ग्रामपंचायत को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये एवं प्रत्येक क्षेत्रपंचायत को 20 हजार रुपये की सहायता भारत सरकार द्वारा दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि अगले दस वर्षों में सभी ग्रामपंचायतों एवं क्षेत्रपंचायतों में खेल मैदान निर्मित किए जाएंगे। समारोह में पूर्व खेल मंत्री नारायण सिंह राणा, अपर सचिव खेल सीबी कबरवाल, उपनिदेशक खेल अजय अग्रवाल, उपनिदेशक युवा कल्याण आरसी डिमरी, हंसा मनराल आदि मौजूद रहे।

- jk"Vªh; [ksy fnol ij iqjLdr fd, fofHkUu [ksyksa ds f[kykM+h
- jk"Vª Lrjh; [ksy ifr;ksfxrkvksa ds 41 ind fotsrk iqjLdr

jkT; dh 'kku gSa [kykM+h% [ksy ea=h

इस मौके पर खेल मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि राजधानी देहरादून में ओएनजीसी के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा हल्द्वानी में भी खेल स्डेडियम बनाया जाएगा। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज रायपुर को और अधिक सुविधा संपन्न बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी राज्य की शान हैं।

Hkkt;qeks dk;ZdrkZvksa us Qwdk iz/kkuea=h dk iqryk

ngjknuA भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कोयला घोटाले के विरोध में प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं का कहना था कि प्रधानमंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए।

भाजयुमो कार्यकर्ता बुधवार को पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे के करीब प्रदेश अध्यक्ष विनोद कंडारी के नेतृत्व में घंटाघर चौक पर एकत्रित हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उसका पुतला फूंका।

भाजयुमो कार्यकर्ताओं का कहना था कि केंद्र सरकार के राज में लगातार घोटाले होते जा रहे हैं। केंद्र सरकार घोटालों की सरकार बनकर रह गई है। अभी कुछ दिनों पहले केंद्र सरकार का 186 लाख करोड़ रुपये का घोटाला सामने आया है। कोयला घोटाले में प्रधानमंत्री का नाम सामने आ रहा है, इसलिए प्रधानमंत्री को शीघ्र अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

- dks;yk ?kksVkys dks ysdj dh dsanz ljdkj ds f[kykQ ukjscktha
- ?kksVkyksa dh ljdkj cudj jg xbZ gS dsanz ljdkj
- ?kksVkys esa iz/kkuea=h dk uke] 'kh?kz vius in ls bLrhQk nsa ih,e

कार्यकर्ताओं का कहना था कि कांग्रेस सरकार का जनसरोकारों से कोई वास्ता नहीं रह गया है। केंद्र सरकार के मंत्री एक के बाद एक घोटाला करते जा रहे हैं। केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई बढ़ रही हैं, महंगाई बढ़ने से गरीब आदमी के लिए दो जून की रोटी का जुगाड़ करना भी मुश्किल हो गया है।

कार्यकर्ताओं का कहना था कि घोटालों में लिप्त मंत्रियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। प्रधानमंत्री का पुतला फूंकने वालों में विधायक हरबंश कूपर, गणेश जोशी, भाजयुमो के महानगर अध्यक्ष रंजीत भंडारी, पुनीत मित्तल, राजेश रावत, सचिन कुमार, आशू मेहता, सुमित पांडे आदि शामिल रहे।

Hkktik ljdkj dk iqryk Qwdrs dkxzsl dk;ZdrkA

उक्रांद की नई केंद्रीय कार्यकारिणी घोषित

- कार्यकारिणी में 9 उपाध्यक्ष, 6 महामंत्री व 6 सचिव शामिल
- दिवाकर भट्ट को सर्वोच्च नीति निर्धारण मंडल में रखा गया

i=dkjksa ls okrkZ djrs mØkn ds dsUnzh; v/;{kA

ngjknuA उत्तराखंड क्रांति दल डी की नई केंद्रीय कार्यकारिणी घोषित की गई है। नई कार्यकारिणी में 9 उपाध्यक्ष, 6 महामंत्री, 6 सचिव और 4 संगठन सचिव बनाए गए हैं। नई कार्यकारिणी की घोषणा उक्रांद के केंद्रीय अध्यक्ष बीडी रतूड़ी ने की।

परेड मैदान स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान केंद्रीय अध्यक्ष श्री रतूड़ी ने कहा कि दिवाकर भट्ट दल के संरक्षक होंगे। शिवानंद चमोली कोषाध्यक्ष, अवतार सिंह राणा, अशोक सिद्धू, डीडी शर्मा, दिनेश बडोला, वीरचंद रमोला, लालमणि सेमवाल, ओमी उनियाल, वीरेंद्र भट्ट व गिरीश शाह को उपाध्यक्ष, डीके पाल, महेंद्र सिंह रावत, नंदलाल कांबोज, महक सिंह सैनी, जमशेद खान व रमेश रमोला को महामंत्री बनाया गया है। सतीश सेमवाल को मुख्य प्रवक्ता, देवी प्रसाद व्यास, विजेंद्र सिंह धनोला, मोहम्मद नसीम अहमद, भगवती प्रसाद कांडपाल, रणवीर सिंह व बालेश्वर डंगवाल को सचिव, विक्रम सिंह नेगी, कांता कुकरेती, निशा पंत व मनीष कुमार को

संगठन सचिव, मोहम्मद वाहिद खान, डा. अनूप जोशी, सर्वेश्वरी जोशी, चंद्रा सुन्द्रियाल को प्रचार सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। देवानंद नौटियाल, डीसी धीमान, शकुंतला जोशी, अनिल बहुगुणा, तनवीर, बिजेंद्र रावत, राजकुमारी, उम्मेद सिंह राणा, हरि सिंह चौहान, विक्रम सिंह व रईश करैशी को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है।

दिवाकर भट्ट, नत्थीलाल सेमवाल, श्रीकृष्ण भट्ट, पीसी भट्ट, खिमानंद खुलवे, डीएन टोडरिया, विक्रम सिंह, वेद उनियाल, यदुनंदन भट्ट, नंदन सिंह रावत, सुंदरलाल सेमवाल व आजाद वीर सिंह को सर्वोच्च नीति निर्धारण मंडल में रखा गया है। इनके अलावा सुंदर लाल सेमवाल को स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ का अध्यक्ष, पंकज भट्ट को विधि प्रकोष्ठ का अध्यक्ष, सुरेंद्र कुकरेती को संसदीय बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है।

fgeky; ds fodkl dk dksbZ jkLrk ugha cu ldk% tks'kh

ngjknuA हैस्को के संस्थापक डा. अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि 9 सितंबर को हिमालय दिवस की तृतीय वर्षगांठ धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इस वर्ष हिमालय दिवस दिल्ली के कन्सट्रियल क्लब में मनाया जाएगा। दिल्ली की सीएम शीला दीक्षित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी।

- 9 सितंबर को मनाया जाएगा हिमालय दिवस

परेड मैदान स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान डा. जोशी ने कहा कि हिमालय दिवस हिमालयी राज्यों की मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर समाज को एक संदेश देने की पहल है। हिमालय दिवस पर हर वर्ष किसी एक मुद्दे पर सामूहिक प्रतिक्रिया कर नीतिकारों के समक्ष रखा जाता है। इस वर्ष बहस का केंद्र विकास सूचक है। वर्तमान विकास सूचक उद्योगों, ढांचागत विकास व सर्विसेस खेती पर आधारित है।

यह सूचक आम आदमी का नहीं है। एक सेसा सूचक भी होना चाहिए जो हर वर्ष हवा, मिट्टी, पानी की स्थिति का भी ब्योरा दे और जो देश के पर्यावरण के बनते–बिगड़ते स्वरूप की हर वर्ष समीक्षा कर सके। डा. जोशी ने कहा कि हिमालय दिवस उत्तर–पूर्वी राज्यों में विभिन्न संस्थानों द्वारा मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमालय को लेकर पिछले वर्षों से जो तमाम चिंताएं जताई जा रही हैं उन्हें सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

हिमालय के सारे प्रश्न आज भी यथावत हैं। राज्यों का दर्जा देने के बाद भी हिमालय के विकास का कोई रास्ता नहीं बन सका। हिमालय में बांधों की कतार व उद्योगों का जुनून इसके दो बड़े उदाहरण हैं।

Jh ckads fcgkjh lekjksg vkt ls

ngjknuA श्री बांके बिहारी युवा मंडल सेवा समिति के तत्वाधान में बृहस्पतिवार से स्थानीय गुरूरोड स्थित वैडिंग प्वाइंट में तीन दिवसीय चतुर्थ वार्षिक समारोह का आयोजन किया जायेगा। साथ ही इस अवसर पर नगर में शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

यह जानकारी समिति के संरक्षक अनिल गोयल ने आयोजित पत्रकार वार्ता में देते हुए बताया कि शोभायात्रा का शुभारंभ झंडा साहब दरबार से शुरू होगा। साथ ही कथा वाचक जया किशोरी श्री कृष्ण कथा का बखान करेगी। कार्यक्रम का समापन शनिवार को धार्मिक अनुष्ठानों के साथ होगा।

पत्रकार वार्ता में मुख्य संरक्षक एवं कार्यक्रम अध्यक्ष अनिल गोयल सहित संयोजक गीत अग्रवाल, संरक्षक अनिल मौसोन, गौरव कुमार, अनिल कुमार गर्ग, अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, महासचिव पंकज चांदना, राजीव अग्रवाल दीपक चौपड़ा, मयंक मित्तल, अभिषेक सिंघल, दीप गुप्ता, गगन अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, देवेन्द्र सहानी, सचिन गुप्ता, संजीव कपूर आदि उपस्थित थे।

दो दिवसीय परामर्शी बैठक का आयोजन

ngjknuA संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यू0एन0डी0पी0) तथा लघु अनुदान कार्यक्रम (जी0ई0एफ0) द्वारा वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में दायित्वधारियों की दो दिवसीय परामर्शी बैठक का आयोजन किया गया। 'सतोयामा के लिए सामुदायिक विकास तथा ज्ञान प्रबंधन कार्यक्रम को जापान के पर्यावरण मंत्रालय जीव विज्ञानीय विविधता की अवधारणाओं हेतु सचिवालय तथा संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय द्वारा सहायता दी जाती है और क्रियान्वयन जी0ई0एफ0 यू0एन0डी0पी0 एवं एस0जी0पी0 द्वारा किया जाता है। 'सतोयामा' एक वैश्विक प्रयास है, जिसकी शुरूआत 10 देशों द्वारा की जा रही है, जिसमें भारत की ओर से उत्तराखण्ड को चुना गया है। संबंधित कायों का निष्पादन पर्यावरणीय शिक्षा केन्द्र द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बहु–आयामी भू–उपयोजन पद्वति को उजागर करना है, जिसमें स्थानीय परिपद्वतियों के अनुरूप, लाभ को उपयुक्त स्तर तक लाने के लिए कृषि तथा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन तकनीकों का उपयोग किया जाता है। भूमि तथा जल आदि संसाधनों को यथावत् रखते हुए प्राप्त उत्पादों के द्वारा समुदायों को गरीबी से बचाया जा सकेगा। परामर्श के दौरान डा0 वी0के0 बहुगुणा, महानिदेशक, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् द्वारा विशेष संबोधन दिया गया।

ब्यूरोक्रेट्स की टंगड़ी, संविदा शिक्षकों पर भारी

e[; loknnkrk

ngjknuA मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद सूबाई पालीटेक्नीकों में कार्यरत संविदा शिक्षकों का संकट टलता नजर नहीं आ रहा है। मामले के पीछे ब्यूरोक्रेटस द्वारा निर्देश को तव्वजो न दिया जाना है। इस अव्यवस्था के चलते जहां कार्यरत संविदा शिक्षकों को समय विस्तार नहीं मिल पाया है और न ही नयी नियुक्तियों को चल रहे साक्षात्कार ही रद्द हुए हैं। शासन से लेकर महकमे के तकनीकी शिक्षा निदेशक तक संविदा शिक्षकों को सिर्फ भरोसा ही दे रहे हैं जबकि महकमे के संयुक्त निदेशक की मनमानी के चलते संविदा शिक्षकों का संकट टलने के आसार नहीं है।

यूं तो सूबे के पालीटेक्नीकों में कार्यरत संविदा शिक्षकों को समेस्टीयर के आधार पर तैनाती देने और समेस्टीयर समाप्ति पर कार्यरत संविदा शिक्षकों को सेवा विस्तार दिये जाने की प्रक्रिया प्रभाव में रही है। यह प्रक्रिया पूर्व सरकारी फरमानों के तहत अमल में हैं। लेकिन इस बार महकमे के संयुक्त निदेशक केसी औली ने सरकारी फरमानों को दरकिनार कर पालीटेक्नीकों में कार्यरत 110 संविदा शिक्षकों को सेवा विस्तार देने के बजाये नये संविदा शिक्षकों की तैनाती के लिए बगैर शासन और तकनीकी शिक्षा निदेशक की इजाजत साक्षात्कार आयोजित करने का फरमान जारी कर दिया। साथ ही कार्यरत संविदा शिक्षकों पर साक्षातकार में शामिल होने को दबाव डालना शुरू कर दिया। संयुक्त निदेशक की इस मनमानी के खिलाफ कार्यरत संविदा शिक्षकों में काबीना मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी और प्रीतम सिंह से समस्या के हल की गुहार लगाई। संविदा शिक्षकों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए दोनों मंत्रियों ने पूरा प्रकरण मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा के समक्ष पेश किया और समस्या के हल की वकालत की।

काबीना मंत्रियों द्वारा पेश किये गये मामले पर लंबी चर्चा के बाद मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने संविदा शिक्षकों के मामले में विभागीय सचिव को जहां ठोस नीति निर्धारित करने के निर्देश दिये। साथ ही कार्यरत सभी संविदा शिक्षकों को सेवा विस्तार देते हुए संयुक्त निदेशक के साक्षात्कार संबधी आदेश को खारिज करते हुए पालीटेक्नीकों के संविदा शिक्षकों की भर्ती को चल रहे साक्षात्कार रद्द कर दिये। हास्यापद स्थिति तो यह रही कि तकनीकी शिक्षा मंत्रालय का प्रभार खुद मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा संभाल रहे हैं लेकिन महकमे के सचिव ने न तो मुख्यमंत्री के निर्देश को अमली जामा पहनाने को न तो शासनादेश ही जारी किया और न ही नीति निर्धारण की दिशा में कोई कदम उठाया। सचिव की इस मनमानी का परिणाम यह रहा कि न तो पालीटेक्नीकों में चल रहे साक्षात्कार ही रूके और न ही कार्यरत संविदा शिक्षकों को सेवा विस्तार मिल पाया।

शासन और महकमे की इस मनमानी से तंग संविदा शिक्षकों ने तकनीकी शिक्षा निदेशक शैलेश बगौली से दुखड़ा रोया।

- lckbZ ef[k;k ds funs'k ds ckotwn uhfr ugha dh fuèkkZfjr
- fgnk;r ds ckotwn lsok foLrkj nus dk 'kklukns'k ugha gvk tkjh
- l;Dr funs'kd dh euekuh pje ij] funs'kd ekSu
- jí fd;s tkus ds ckotwn Fke ugha jgk lk{kkRdkj dk flyfl yk

लेकिन निदेशक ने भी मात्र सेवा विस्तार दिये जाने की दिशा में सार्थक प्रयास करने का भरोसा ही दिया। लेकिन ब्यूरोक्रेसी की मनमानी में सीएम के निर्देश उलझने से संविदा शिक्षकों का संकट टलता नहीं नजर आ रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा पेज थ्री प्रेस,जाखन जोहड़ी रोड,
पो.ओ. राजपुर, देहरादून से मुद्रित व प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@yahoo.co.in
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN/2005/15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।